C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:28 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:04 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 247 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 29 मार्च 2025

सिटाडेल के दूसरे सीजन से निर्माता...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### उद्यम स्थापना के पहलुओं पर दिया व्याख्यान

**नैनीताल** । देव भूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम में शुक्रवार को डॉ.विजय कुमार नोडल अधिकारी देवभूमि उद्यमिता योजना केंद्र वाणिज्य विभाग डीएसबी परिसर नैनीताल द्वारा प्रतिभागियों को उद्यम स्थापना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से व्याख्यान दिया गया।

उन्होंने बताया कि एक उद्यमी को किस प्वाइंट से नीचे अपने उत्पाद का विक्रय करना हानिकारक हो सकता है, ब्रेक एवं प्वाइंट का महत्व एक व्यवसाय के लिए क्या होता है इसकी विशेषताओं को समझाया, एक व्यवसाय में कितने तरह के व्यय होते हैं उन व्यय की विशेषताओं को समझाया। दूसरे सत्र में अभिषेक नंदन (प्रोजेक्ट ऑफि सर देवभूमि उद्यमिता योजना उत्तराखंड सरकार) ने प्रतिभागियों के उद्यम में पंजीकरण करवाया, उद्यम में एक बार पंजीकरण होने के पश्चात राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की एमएसएमई के अंतर्गत सभी योजना के लिए पात्र हो जाते है तथा अपना उद्यम प्रारंभ कर सकते हैं। अभिषेक द्वारा प्रतिभागियों का स्वाट विश्लेषण भी करवाया जिसके तहत उनकी स्ट्रैंथ व वीकनेस व ऑपर्च्युनिटी तथा थ्रेट पर चर्चा की गई।

### हर्ष फायरिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**रुद्रपुर।** कोतवाली क्षेत्र में हर्ष फायरिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वायरल वीडियो को लेकर पुलिस की चुप्पी ने सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र में हर्ष फायरिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मामला कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र का बताया जा रहा है। संबंधित थाना पुलिस के अधिकारी वायरल वीडियो को पुलिस ने संज्ञान में लेते हुए चिन्हित करने की कार्रवाई की बात कह रहे हैं। हालांकि अभी तक हर्ष फायरिंग करने वाले का पुलिस पता नहीं कर सकी है। इधर कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि पुलिस उक्त व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

# आठ भाषाओं में जारी किया चारधाम यात्रा का ब्रॉशर

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ने देश-विदेश की आठ भाषाओं में यात्रा ब्रॉशर व कैलेंडर का प्रकाशन किया है।

श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ने देश-विदेश की आठ भाषाओं में यात्रा ब्रॉशर व कैलेंडर का प्रकाशन किया है। समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चारधाम यात्रा की व्यापक तैयारियां चल रही हैं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के मार्गदर्शन तथा सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे के निर्देश पर हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, बंगाली, मराठी, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम आदि भाषाओं में ब्रॉशर का प्रकाशन किया गया है।

ब्रॉशर से तीर्थयात्रियों को उत्तराखंड चारधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री सहित पंच बदरी, पंच केदार और बदरीनाथ धाम के अधीनस्थ मंदिरों की जानकारी मिलेगी। साथ ही शीतकालीन यात्रा स्थलों की भी जानकारी दी गई है।




पीएम मोदी ने म्यांमार के जनरल से की बात

# भूकंपः भारत मदद के लिए आगे आया, यांगून पहुंची राहत सामग्री

**अकेले म्यांमार में भूकंप में एक हजार से अधिक लोगों की मौत**

**नई दिल्ली**
एजेंसी

म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार को आए भूकंप ने भयंकर तबाही मचाई। अकेले म्यांमार में भूकंप में एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। थाईलैंड में भी हालात कुछ ऐसे ही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार से जनरल से बात की।

भूकंप से प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए भारत आगे आया है। भारत ने ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत राहत सामग्री भेजी है। वायुसेना का विमान सी-130 जे करीब 15 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंच गया है। इसमें टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, खाने के पैकेट, स्वच्छता किट, जनरेटर और आवश्यक दवाएं भेजी गईं हैं। वहीं पीएम मोदी ने म्यांमार के जनरल से बात की है।

म्यांमार और थाईलैंड में शुक्रवार को आए भूकंप ने भयंकर तबाही मचाई। अकेले म्यांमार में भूकंप में एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। सैकड़ों लोग लापता हैं। वहीं इस भूकंप में अभी तक 1500 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। भारत ने भी पड़ोसी देश म्यांमार की मदद का एलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार की हर संभव सहायता करने की बात कही थी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की।

विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा कि भारत भीषण भूकंप से प्रभावित म्यांमार के लोगों की सहायता के लिए आगे आकर कार्य कर रहा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, भोजन के पैकेट, स्वच्छता किट, जनरेटर और आवश्यक दवाओं सहित 15 टन राहत सामग्री की हमारी पहली खेप यांगून पहुंच गई है। राहत सामग्री म्यांमार पक्ष को सौंपी जा रही है।




# ऑन लाईन शेयर मार्केटिग ट्रेडिंग से मुनाफा कमाने के लालच में 38.55 लाख की ठगी

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**धोखाधड़ी**

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

अज्ञात व्यक्ति ने ऑन लाईन शेयर मार्केटिग ट्रेडिंग से मुनाफा कमाने का लालच देकर धोखाधड़ी कर एक व्यक्ति से 38.55 लाख रूपये की ठगी कर ली। इस मामले की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। देवीदत्त पुत्र कमलापति निवासी वैशाली कालोनी, काशीपुर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके व्हाट्सअप मोबाइल नम्बर पर व्हाट्सअप मैसेज आय।

जिसने अपना नाम शार्दुल जानी बताया तथा खुद को एबीएएनएस ब्रोकेज सर्विसेज प्रा- लि- ट्रैडिंग कम्पनी का प्रतिनिधि बताकर शेयर मार्केटिंग में इन्वेस्ट करने हेतु कहा गया। इस ग्रुप में अन्य लोग भी जॉइन थे। शुरू में लाभ हानि के बारे में जानकारी देकर अपने अपने प्रोफिट के स्क्रीन शॉट शेयर किये जाते थे एवं निवेश हेतु चैटिंग के माध्यम से बोला जाता था। उससे एक एप्लीकेशन डाउनलोड करायी गयी। फिर आईडी बनायी गयी। जिसके माध्यम से एआई ट्रैडिंग, शेयर ट्रैडिंग, तथा आईपीओ की ट्रैडिंग की जाती थी जिसे खरीदने के लिए उसके द्वारा उक्त एप्लिकेशन में फ्लैश किये गये बैंक खातों पर उसके द्वारा अपने खातों से अलग अलग तिथियों में कुल 38-55 लाख रूपये जमा किये।



धनराशि जमा करने के पश्चात जब प्रोफिट चार्ट पर काफी धनराशि देखी तो उसके द्वारा विड्राल लगाया गया तो मुझे विड्राल नहीं करने दिया। ताकि उसे ठगी होने का एहसास हुआ। देवी दत्त का कहना है कि 29 जनवरी 2025 से 18 मार्च 2025 तक विभिन्न बैंक खातों में अलग-अलग तिथियों में अलग-अलग धनराशि जमा करायी गयी। जिससे कुल 38,55,000 रूपये की धनराशि का नुकसान हुआ। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दुकान के सामने पानी का छिड़काव करने पर लोगों ने युवक को बेरहमी से पीटा

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के लाइन नम्बर एक में रहने वाले एक युवक को दुकान के सामने पानी का छिड़काव करने पर लोगों ने बेरहमी से पीट दिया। मारपीट करने वाले लोगों का कहना था कि युवक पानी की बर्बादी कर रहा था। मारपीट कर जाने से पहले हमलावर धमकी भी दे गए यह उनका इलाका है और पुलिस से शिकायत करने की सोची तो अंजाम ठीक नहीं होगा। फिलहाल, दुकानदार ने चार लोगों के खिलाफ बनभूलपुरा थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में लाइन नंबर 3 आजादनगर बनभूलपुरा निवासी गाजी खान पुत्र अतीक अहमद खान का कहना है कि गुरुवार की दोपहर वह अपनी दुकान के सामने धूल उड़ने की वजह से पानी का छिड़काव कर रहा था। आरोप है कि तभी वहां लाइन नंबर 2 बनभूलपुरा में रहने वाला फैसल पुत्र स्व. इरशाद पहुंच गया। वह कहने लगा कि इतना पानी क्यों बर्बाद कर रहे हो। गाजी ने धूल का हवाला दिया, लेकिन फैसल गालियां देने लगा। गाजी ने गाली देने से रोका तो फैसल ने थप्पड़ जड़ दिया। दुकान बंद करा देने की धमकी देने लगा। तभी वहां जुबैर, जीशान और कई लोग आ गए। सभी ने मिलकर गाजी को बुरी तरह पीटा। साथ ही रिपोर्ट लिखाने पर जान से मार देने की धमकी दी। मौके पर पहुंचे गाजी के पिता अतीक ने किसी तरह अपने बेटे को हमलावरों से बचाया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# किच्छा में डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार दंपति की मौत

**रुद्रपुर/किचछा**
हमारे संवाददाता

डंपर के नीचे आये स्कूटी सवार दो की मृत्यु हो गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ भी मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक शनिवार दरऊ चौक पर डंपर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमे स्कूटी सवार महिला व पुरुष की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुरुष डंपर के टायर के नीचे आकर बुरी तरह कुचल गया। मृत महिला के पास से

उमा बिष्ट पत्नी मोहन सिंह बिष्ट नंबर दो शांतिपुरी का आधार कार्ड मिलने के साथ पुलिस ने स्कूटी के रजिस्ट्रेशन नंबर से मिले नंबर से मोबाइल नम्बर लेकर परिजनों को सूचना दी है। परिवार के लोग सीएचसी किच्छा पहुंच स्कूटी सवार मृतकों की शिनाख्त मोहन सिंह बिष्ट पुत्र स्व. किशन सिंह बिष्ट व उमा बिष्ट पत्नी मोहन सिंह बिष्ट निवासी शांतिपुरी नंबर तीन थाना पंतनगर के रूप में हुई। उधर किच्छा विधायक व पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलक राज बेहड़ ने भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच घटना को जानकारी ली। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवाने की तैयारी कर ली है। इधर एक अन्य हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।





**हादसा**

- मंडी से निकल कर रोड पर आते समय डंपर की चपेट आये स्कूटी सवार
- मृतक शांतिपुरी पंतनगर के निवासी

# चांद दिखने के बाद सोमवार को मनाई जा सकती है ईद

**नैनीताल/हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में रमजान के पाक महीने में मुस्लिम समुदाय द्वारा एक माह के रोजे रखे जाते हैं साथ ही कलाम पाक तराबी कर नमाज भी अदा की जाती है। इस मुबारक महीने के मौके पर आखिर जुम्मे (शुक्रवार) की रोजेदारों ने नमाज अदा की।

बता दें कि मल्लीताल जामा मज्जिद में अपराह्न 1.15 बजे पर मुफ्ती अजमल काजमी ने नमाज अदा कराई वहीं तल्लीताल मस्जिद में मौलाना मोहम्मद नईम द्वारा नमाज अदा कराई गई। इस मौके पर बडी संख्या में रोजदर और नन्हें मुन्ने बच्चों ने भी नमाज अदा की। मल्लीताल जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती अजमल काजमी ने बताया की रमजान का महीना चल रहा है और उसका आखिरी अक्षरा चल रहा है और रमजान का यह आज आखिरी जुम्मा है जिसे अलविदा कहा जाता है। रमजान के महीने तीन अक्षरे होते हैं पहला रहमत, दूसरा माफि रत तथा तीसरा अश्र्रा आंख से छुटकारा जेहनुम के अजब से निजात का चल रहा है। रोजा नमाज तराबी का एतमाम करते हुए पूरे महीने इबादत करते हैं। रमजान के महीने में ही कुरान नाजिल हुआ था इसीलिए तरावी में कुरान की तिलावत की जाती है। चांद देखकर तराबी शुरू होती है और चांद देखकर ही तराबी खत्म हो जाती है। उन्होंने बताया की इस पाक महीने में तीन सबे कदर की रातें नाजिल की गई हैं। इन रातों में रोजदार रात भर जागकर अल्ला की इबादत करते हैं, जहाँ एक तरफ रोजदारों में ईद आने की खुशी थी वहीं रमजान का महीने समाप्त होने का भी दुःख था। उन्होंने बताया की हर रोजेदार को ईद की नमाज अदा करने से पहले फित्रा अदा कर ले। इसके अलावा जकाद तथा इमदाद भी समय से अदा करें ताकि गरीब लोगों की भी ईद हो सके। बता दें कि यदि 29 मार्च (शनिवार) का चाँद होता है तो सोमवार यानी 31 मार्च को ईद की नमाज अदा की जाएगी तथा अगर 30 मार्च (रविवार)का चाँद होता है तो एक अप्रैल (मंगलवार) को ईद की नमाज अदा की जाएगी।





## ईद की खरीदारी से बाजारों में रौनक, लोगों में उत्साह

**हल्द्वानी।** रमजान का महीना अब अंतिम पड़ाव पर है। रोजेदारों ने शुक्रवार को 27 वां रोजा रख रमजान के पाक मुकद्दस अलविदा जुम्मे की नमाज अता की । जिसके बाद ईद की खुशबू माहौल में घुलने लगी है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है। लोग रमजान की इबादत के साथ साथ ईद की खरीदारी में जुट गए हैं। खासकर नए कपड़े, जूते-चप्पल और सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है।

## NEWS / फटाफट

### बकरी चराने गए किशोर व किशोरी के गुम, हड़कंप

**नैनीताल।** नैनीताल से 19 किलोमीटर दूर घुग्गुखान गांव में बकरी चराने गए किशोर व किशोरी के गुम होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा जंगल में खोजने के बाद भी बच्चों का पता नहीं चला तो ग्रामीण पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों की खोजबीन के बाद देर रात दूसरे गांव में दोनों बच्चें सकुशल मिल गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को घुग्गुखान निवासी 13 वर्षीय किशोरी, 9 वर्षीय किशोर चचेरे भाई बहन दिन में बकरी चराने जंगल गए थे। जब देर शाम तक वह घर वापस नही आये तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। कई लोगों से पूछताछ और खोजबीन के बाद भी दोनों का पता नहीं चला तो देर रात तक ग्रामीणों ने जंगल में दोनों नाबालिगों को ढूढ़ना शुरू किया जिसके बाद भी दोनों का कहीं पता नहीं चल पाया। जानकारी नहीं मिलने पर लोगों ने पटवारी को सूचना दे दी। जिसके बाद टीम मौके के लिए रवाना हो गई। इस दौरान ग्राम प्रधान मोहन अधिकारी ने बताया कि दोनों बच्चे जंगल में रास्ता भटक दूसरे गांव में पहुंच गए थे। पता न चलने पर ग्रामीणों में चिंता का माहौल था। बच्चों के मिलने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### दो दिवसीय आयोजित कार्यशाला में ऑनलाइन व्याख्यान

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के अपर निदेशक (आईक्यूएसी प्रकोष्ठ) प्रो. गीता तिवारी ने गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित डेवलेपमेंट ऑफ हर्बल प्रोडक्ट्स फ्रॉम मैरीगोल्ड विषय पर दो दिवसीय आयोजित कार्यशाला में मेडिसिनल एवं एरोमेटिक प्लांट नेचुरल रिसोर्सेज ऑफ बायोएक्टिव कंपाउंड विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया। इस दौरान प्रो. गीता तिवारी ने मेडिसिनल और एरोमेटिक प्लांट से रसायन के शोधन की विधि बताई। उन्होंने तुलसी, औरिगनेम तथा थाइमस, अदरक व बन हल्दी ,मैरीगोल्ड के रासायनिक गुणों पर्यावरण के पड़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला । प्रो.तिवारी ने एल्टीट्यूड के पड़ते प्रभाव पर कहा कि पौधों को ग्रो करने के लिए ऑप्टिमम कंडीशन बताई । तुलसी पर बात करते हुए प्रो. तिवारी ने कहा शेड में ड्राई करने पर बेहतर रसायन कंटेंट तथा एसेंशियल ऑयल कंटेंट मिला । ऑनलाइन व्याख्यान का संचालन प्रो. चारु अरोड़ा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने किया।

### 266वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन शक्रवार को 266वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में स्लोगन देवभूमि में पर्यटक यात्री बनकर आईए-पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम से जुड़ते हुए पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत कोलकाता से आए पर्यटकों डॉ. आरके मंडल, शिप्रा मंडल समेत मनोरंजन, डॉ. जे कांजीलाल ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए पर्यटक आवास गृह परिसर पिथौरागढ़ में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, शोभा राम, महेश कुमार, सौरव खोलिया, विजय बोरा तथा दीपक राजेंद्र शामिल रहे।

### आग से जंगलों को बचाने को तैयारियां की गई

**नैनीताल ।** वन महकमे की ओर से वनों को आग से बचाने के लिए पूरी सजगता और युद्ध स्तर की तैयारियां की गई हैं और जंगलों को बचाने के लिए वन महकमे के अधिकारी व कर्मचारी पूरी सजगता से कार्य कर रहे हैं। यह बात नोडल अधिकारी व अपर प्रमुख वन संरक्षक डॉ. विवेक पाण्डे ने शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि वनों को आग से बचाने में जनसहभागिता बढना अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे क्षेत्र में कंट्रोल बर्निंग (नियंत्रित फुकान)बेहद आवश्यक है। कहा कि पिछले चार महीनों में 13 आग लगने की सूचनाएं मिली जिसमें अधिकांश वन क्षेत्र से बाहर या नियंत्रित फुकान की थी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस वर्ष मौसम तथा जन सहयोग और विभाग के प्रयास जंगलों को बचाने में सफल रहेगा। बता दें श्री पांडे शुक्रवार को मनोरा वन क्षेत्र में वनाग्नि सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान नैनीताल वन प्रभाग के डीएफ ओ चंद्र शेखर जोशी समेत कुंदन कुमार (हल्द्वानी),हिमांशु बागरी (तराई पूर्वी)दिगांग नायक (रामनगर) तथा डॉ हिमांशु पांगती (पशु चिकित्साधिकारी नैनीताल) तथा रेंजर मुकुल शर्मा, राजेंद्र जोशी तथा डी. डी. मेलकानी आदि विभागीय कर्मी उपस्थित थे।




# सीएमओ ने किया तम्बाकू नियंत्रण पर जागरूक किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय स्वस्थ्य मिशन के तहत शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रेस वार्ता की।

प्रेस वार्ता के दौरान सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने कहा कि हर विभाग को तम्बाकू नियंत्रण पर जागरूक किया जाता है, तम्बाकू बेचने वाले दुकानों का लाइसेंस होना आवश्यक है। स्कूल के नजदीक कही तम्बाकू की बिक्री ना हो। कहा की ड्रग का नशा पहले धूम्रपान और तम्बाकू से शुरू होता है। बताया की तम्बाकू कंट्रोल मिशन सरकार ने लागू किया है, बच्चों कों तम्बाकू से दूर किया जाएं। कहा की तम्बाकू के लिए वेंटर लागू किया जाएं। अस्पताल, स्कूल आदि में तम्बाकू का सेवन नही किया जाना चाहिए।

स्कूल के असपास कोई तम्बाकू कि दुकान नही है अगर किसी स्कूल परिसर के नजदीक तम्बाकू की बिक्री पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कि जाएगी। जो लोग नशीला प्रदार्थ बेच रहें है वो लोगों के अंदर जहर घोलने का काम कर रहें है। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजीव खर्कवाल, मदन मेहरा, हरेंद्र, दीवान बिष्ट समेत अन्य लोग रहें।

# महिलाओं की आजीविका संवर्धन को सखी उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**पंतनगर**

**हमारे संवाददाता**

महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वांवलंबी बनाने, सशक्तिकरण और उनकी आजीविका संवर्धन के लिए संचालित सखी परियोजना से जुडी महिलाओं ने सखी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। हिन्दुस्तान जिंक पंतनगर द्वारा मंजरी फाउण्डेशन के सहयोग से आयोजित इस सखी उत्सव में आस पास के क्षेत्र की 1 हजार से अधिक सखी महिलाओं ने हर्षोल्लास से भागीदारी की।

कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक उत्तराखंड ग्रामीण बैंक कालीनगर सुशीला लोधी ने कहा कि गृहिणी महिलाएं भी स्वयं की पहचान बना कर मुकाम हासिल कर आत्मनिर्भर बने ताकि महिला और परिवार की आय में वृद्धि कर सुखी जीवन, बच्चों की शिक्षा और जिम्मेदारी को निभाने में अहम भूमिका निभा सकें। हिन्दुस्तान जिंक पतंनगर की यूनिट हेड अनामिका झाँ ने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक की सीएसआर पहल से जुड़कर सखी महिलाएं एकजुट हो कर स्वयं की पहचान बना रही है जो कि एक उदाहरण है। कहा कि महिला सखी फेडरेशन की बचत में वृद्धि इस बात की परिचायक है कि ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। सखी समूह आज उद्यमी बन कर उभरी है जो कि आर्थिक और सामाजिक सशक्तिरण का उदाहण है। मंजरी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सखी उमंग फेडरेशन की अध्यक्ष ने कुल बचत एवं ब्याज एवं ऋण आदि के संदर्भ में महासंघ के वित्तीय आंकडें प्रस्तुत किए। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में स्वयं सहायता समूह की भूमिका की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और खेल जैसे कबड्डी एवं चम्मच दौड़,कुर्सी दौड, रस्साकस्सी का आयोजन भी किया गया। सखी परियोजना के तहत उनकी उपलब्धियों के लिए महिलाओं को सम्मानित किया गया। देश की सबसे बड़ी और विश्व की दूसरी सबसे बडी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक द्वारा उत्तराखंड के पंतनगर सहित राजस्थान के 6 जिलों एवं 200 गावों में 2 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत् संचालित सखी पहल के तहत् 25 हजार से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत



# श्री देवी भागवत महापुराण कथा और यज्ञ पूजा महोत्सव का कल से होगा भव्य आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

चैत्र नवरात्रि के पावन मास में हल्द्वानी महानगर में श्री देवी भागवत महापुराण कथा और यज्ञ पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में यह जानकारी देते हुये कार्यक्रम आयोजक मंडल के सदस्य हेमंत पांडेय और विजय चौधरी ने बताया कि एम बी इंटर कॉलेज के भव्य मैदान में 30 मार्च से 12 अप्रैल 2025 तक यह भव्य आयोजन होगा, जिसमें कृष्णागिरी पीठाधीश्वर जगतगुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री बसंत विजयानंद गिरि जी महाराज के मुखारबिंद से श्री देवी भागवत महापुराण कथा का देवभूमि की जनता को श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि यह विशाल महोत्सव कथा, यज्ञ एवं पूजा तीनों का दिव्य सम्मिश्रण है। प्रतिदिन सुबह 10 बजे विशेष साधना पूजा, दोपहर 3 बजे श्री देवी भागवत महापुराण कथा, सायं 6 बजे सर्व सिद्धिप्रदायक सर्व देवी देवता महायज्ञ होगा। उन्होंने महानगर कि धर्म प्रेमी जनता से कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर आयोजन के सुअवसर का लाभ उठाकर अपने जीवन को मंगलमय बनाने की अपील की है। वार्ता में महेश खुलबे, प्रमोद पांडेय आदि मौजूद रहें।

# नैनीताल पहुंची दिव्य अखंड ज्योति कलश यात्रा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

शांतिकुंज हरिद्वार में अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने पर दिव्य अखंड ज्योति कलश यात्रा रथ शुक्रवार को नैनीताल स्थित श्री राम सेवक सभा प्रागंण में पहुंची।

इस मौके पर श्री राम सेवक सभा परिवार तथा नगर पालिका अध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर कलश यात्रा का स्वागत किया । हल्दूचौड़ से आए गायत्री परिवार द्वारा गायत्री मंत्र तथा भजन प्रस्तुत किए गए तथा अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत विमल चौधरी,अशोक साह, देवेंद्र लाल साह, भुवन बिष्ट , हीरा सिंह ,गोविंद बिष्ट, आनंद बिष्ट, मोहित लाल साह, कैलाश बोरा, मुन्नी भट्ट, सुमन साह, दीपक साह, भगवान सिंह, जया पालीवाल, ममता रावत, प्रेमा अधिकारी,दीपिका बिनवाल, कमला साह ,रश्मि पंत व गीता बावड़ी आदि उपस्थित रहे । दूसरी ओर भवाली में शांतिकुंज हरिद्वार ए गायत्री परिवार की ओर से अखंड ज्योत के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भारत की संस्कृति एवं ऋषि देव संस्कृति के जागरण के उद्देश्य से स्व परिवर्तन से यू युग परिवर्तन को लेकर अखंड ज्योत रथ यात्रा पौराणिक देवी मंदिर भवाली पहुंचने पर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने एवं मातृ शक्ति द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में दिव्य ज्योत केदर्शन पूजा अर्चना कर पुन्य के भागी बने। कार्यक्रम के संयोजक व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ती खष्टी बिष्ट तथा मनीष साह ने शांतिकुंज से आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। तत्पश्चात देवी मंदिर भवाली में कलश पूजनए गायत्री पूजनए का कार्यक्रम के पश्चात भोग लगाकर आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पुजारी इंद्र कपिल व पुजारी दीपू कपिल, सामाजिक कार्य सुजान रजवार, शेर सिंह, मुन्ना साह, वीरू मेहरा, मंशा साह, राजू,सुनीता शाही, सुमन,उषा तिवारी, नीलम, निशा विष्ट, तनुजा कनवाल, कुमारी रितु, रचना, पुष्पा अधिकारी, जीवंती रावत, सुरूची, दीपा रावत, सीमा साह व माया पंत,माला कनवाल, लीला जोशी, हेमा व सुमिता, रश्मि आदि मौजूद थे।



# अभिमत

## गुण से पहचान!

***गडकरी ने जातिवाद के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए दो टूक कहा कि किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी जाति, धर्म, भाषा या लिंग के आधार पर नहीं, बल्कि उसके गुणों और कार्यों से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जाति आधारित राजनीति की प्रथा में वह शामिल नहीं होंगे, भले ही इससे वोटों की हानि हो। वह राजनीति में हैं और यहां सब चलता है। व्यक्तिगत अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि कई बार लोग अपनी जातिगत पहचान के आधार पर उनसे संपर्क करते हैं, लेकिन वह अपने सिद्धांत पर अडिग हैं। यह कटु सत्य कहकर गडकरी ने गुणों के आधार पर जरूर अपनी पहचान बना ली है।***

राजनीति में सफलता के लिए ज्यादातर नेता किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। वोट पाने के लिए हर हथकंडा आजमाते हैं। ऐसा नहीं है कि राजनीति में सभी नेता एक जैसे हैं। हर क्षेत्र की तरह राजनीति में भी कुछ लोग अपवाद स्वरूप हैं। गुणों के कारण उनकी अलग पहचान है, इन्हीं में से एक केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी हैं। नितिन गडकरी बहुत कम बोलते हैं और काम करने में विश्वास रखते हैं। गडकरी अन्य नेताओं से अलग बयान देने के लिए पहचाने जाते हैं। धर्म, जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद का बोलबाला है। वोट के लालच में कोई भी बोलने से बचता है। गडकरी ने जातिवाद के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए दो टूक कहा कि किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी जाति, धर्म, भाषा या लिंग के आधार पर नहीं, बल्कि उसके गुणों और कार्यों से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जाति आधारित राजनीति की प्रथा में वह शामिल नहीं होंगे, भले ही इससे वोटों की हानि हो। वह राजनीति में हैं और यहां सब चलता है। व्यक्तिगत अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि कई बार लोग अपनी जातिगत पहचान के आधार पर उनसे संपर्क करते हैं, लेकिन वह अपने सिद्धांत पर अडिग हैं। यह कटु सत्य कहकर गडकरी ने गुणों के आधार पर जरूर अपनी पहचान बना ली है। सच तो यह है कि राजनीति में सबसे अधिक जातिवाद है। जातिवादी आरक्षण सिर्फ और सिर्फ राजनीति की देन है। पिछड़े वर्ग को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए संविधान में दस वर्ष तक जातिवादी आरक्षण का प्रावधान किया गया था। वोट की राजनीति के लिए पिछले छह दशक से आरक्षण लागू है। जातिवादी आरक्षण के कारण समाज में नफरत फैलाई जा रही है। सामान्य वर्ग के योग्य युवा कुंठाग्रस्त हो रहे हैं। शिक्षा, सरकारी नौकरी में आरक्षण के साथ ही चुनाव के दौरान निर्वाचन क्षेत्रों में जातिवाद के आधार पर आरक्षण लागू किया जा रहा है। तमिलनाडु के नेता भाषावाद के जरिये दक्षिण और उत्तर भारत में देश को बांटने के लिए वैमनस्य फैला रहे हैं। धर्म और जाति को लेकर हिंसा भड़काई जाती है। कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है। संसद और विधानसभाओं में लिंग के आधार पर महिलाओं को आरक्षण की मांग उठती रही है। राजनीतिक दल टिकट बंटवारे में महिलाओं को आरक्षण नहीं देते हैं। नितिन गडकरी से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखंडता के लिए धर्म, जाति, भाषा का भेदभाव खत्म करना होगा।

# कप्तान मीणा ने ली पुलिस कर्मियों की परेड

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा शुक्रवार को नैनीताल जिले की पुलिस लाइन नैनीताल में पुलिस कर्मियों की परेड ली गई।

इस दौरान पुलिस कप्तान मीणा ने सर्वप्रथम परेड का आयोजन कर पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता का आंकलन किया गया। परेड में शस्त्र कवायद की सिखलाई तथा ड्रिल करवाई गई। उसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन के परिसर, भवन तथा कार्यालयों का भ्रमण किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक भगवत सिंह राणा को साफ सफ ाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। प्रतिसार निरीक्षक राणा को निर्देशित किया गया कि पुलिस लाइन में प्रत्येक पुलिस कर्मी की क्रमवार एटीआर/सीआईआर लगाई जाय। फिटनेस के लिए पीटी व परेड कराई जाय। कप्तान मीणा ने पुलिस लाईन परिसर में स्थित व्यायामशाला का निरीक्षण किया तथा उपकरणों की स्थिति तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया,वहीं परिवहन शाखा में उपलब्ध वाहनों में ईंधन, बैटरी व टायर समेत अन्य उपकरणों के अनुरक्षण की स्थित का जायजा लिया गए।

प्रभारी परिवहन शाखा को निर्देशित किया गया कि वाहनों को समय समय पर मेंटेनेंस करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए। उन्होंने राशन शॉप तथा सीपीसी कैंटीन में अच्छी गुणवत्ता युक्त खाद्य व घरेलू सामग्री तथा उपयोगी वस्तुओं को क्रय किया जाय,कहा कि गुणवत्ता से समझौता न करें अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी। भोजनालय में कर्मचारियों के लिए पौष्टिक आहार तैयार करने की बात पुलिस कप्तान मीणा ने कही। कहा कि खाने के मेनू अच्छा रखें तथा मैस डाइट को न्यूनतम दरों पर लाने का प्रयास करें साथ ही ताजी सब्जियां व दालें और अनाज का प्रयोग करें।

परेड के दौरान डॉ जगदीश चंद्र (एसपी क्राईम/ट्रैफिक के नैनीताल),प्रकाश चंद्र (एसपी सिटी हल्द्वानी), श्रीमती दीपशिखा अग्रवाल (सीओ लालकुआं), प्रमोद कुमार साह (सीओ भवाली) सुमित पांडे (सीओ रामनगर) नितिन लोहनी (सीओ सिटी हल्द्वानी), नरेंद्र सिंह कुंवर (सीएफ ओ नैनीताल), भगवत सिंह राणा (प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन) समेत सभी थाना प्रभारी तथा अधीनस्थ पुलिस बल मौजूद रहे।

## पुलिस ने की गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई

**नैनीताल।** देव जाटव मल्लीताल के खिलाफ मल्लीताल पुलिस ने गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जिला बदर करने के लिए पुलिस जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजेगी।

मल्लीताल पुलिस ने मल्लीताल गाड़ी पड़ाव निवासी देव जाटव के आपराधिक इतिहास को देखते हुए उसके खिलाफ गुंडा एक्ट में कार्रवाई की है। देव जाटव के खिलाफ पूर्व में कई चोरी के मुकदमे और एनडीपीएस के मुकदमे दर्ज हैं। देव ने गौशाला में बंधी एक गाय के साथ कुकृत्य किया था। जिसके बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको जेल भेज दिया गया था। जिसके बाद कुछ दिनों से वह जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ था। इस दौरान कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि लोगों की मांग, क्षेत्र की सुरक्षा और उसका आपराधिक इतिहास देखते हुए कोतवाली पुलिस ने उसके खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजकर उसको जिला बदर करने की कार्रवाई की जा रही है।

# विश्व रंगमंच दिवस पर नैनीताल आर्ट्स संस्था के तत्वावधान में रंगारंग कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विश्व रंगमंच दिवस के मौके पर नैनीताल आर्ट्स संस्था के तत्वावधान में रंगकर्मियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम श्री राम सेवक सभा प्रांगण में आयोजित किया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष व समाजसेवी कविता गंगोला के साथ वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम, मिथिलेश पाण्डे, रितेश सागर तथा इदरीस मालिक आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गंगोला को रंगकर्मियों द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इसके पश्चात किशन लाल के निर्देशन में नई दिशाएं संस्था ने रंगीली भाना गीत पर सामूहिक नृत्य पेश कर दर्शकों की वाहवाही लूटी,उसके बाद वरिष्ठ रंगकर्मी मिथिलेश पाण्डे ने गिरीश कर्नाड लिखित नाटक तुगलक, हमारी अजीज रियायाव, उमंगों भरी उम्र की बेहतरीन प्रतुति की जबकि पवन कुमार ने आषाढ़ का एक दिन के मातुल का बेहतरीन किरदार निभाया। इसी क्रम में डॉ. मोहित सनवाल ने कालिदास को मंच पर जीवंत किया साथ ही जावेद हुसैन ने अश्वत्थामा व चन्द्ररश्मी अधिकारी माधवी का सशक्त अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग किया। बीएनए पास आउट मदन मेहरा ने तुगलक, अंधायुग, रोमियो जूलियट तथा आषाढ़ का एक दिन, ईडिपस,नारद मोह नाटकों का सामूहिक संवाद के दमदार अभिनय से दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।

इस मौके पर नवीन बेगाना तथा मनोज कुमार, अनिल कुमार व अदिती खुराना, योगिता तिवारी, नासिर अली, इदरीस मालिक, जहूर आलम, नीरज डालाकोटी, चन्द्ररश्मी अधिकारी नेगी, दीपा बिष्ट, मल्लीताल व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी,उपाध्यक्ष भारती कैड़ा समेत दिलावर सिराज, गीता साह, विनय साह व डी.एल. साह आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत गिरीश जोशी व रुचिर साह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के आयोजक रितेश सागर ने बताया कि विश्व रंगमंच दिवस पर कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य रंग कर्म की यात्रा को गति देना है। कार्यक्रम का सफ ल आयोजन में नीरज डालाकोटी तथा पवन कुमार ने सहयोग किया जबकि संचालन नवीन पांडे ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## सिटाडेल के दूसरे सीजन से निर्माता नाखुश, टल गई रिलीज



*सिटाडेल के दूसरे सीजन को लेकर एक रिपोर्ट में बड़ा दावा किया है। इसमें बताया गया है कि मेकर्स इस शो के मौजूदा हाल से संतुष्ट नहीं हैं। अमेजन प्राइम वीडियो की बहुचर्चित जासूसी सीरीज सिटाडेल एक बार फिर मुश्किलों में फंस गई है। प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडेन की मुख्य भूमिकाओं वाली इस सीरीज को रूसो ब्रदर्स की कंपनी एजीबीओ ने बनाया है। यह शो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई स्पिन-ऑफ के साथ एक बड़ा नेटवर्क बनाने का विचार के साथ आया था। हालांकि, द हॉलीवुड रिपोर्टर के मुताबिक सीरीज के निर्माता इसके मौजूदा हाल से खुश नहीं हैं। हाल ही में अमेजन एमजीएम स्टूडियोज की पूर्व हेड जेनिफर साल्के के अचानक इस्तीफे ने भी इस प्रोजेक्ट की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बजट से ज्यादा खर्च, क्रिएटिव मतभेद और प्रोडक्शन में देरी के बाद अब सिटाडेल का भविष्य अधर में लटका नजर आ रहा है। सिटाडेल का दूसरा सीजन पहले 2025 में रिलीज होने वाला था, लेकिन अब खबर है कि इसे 2026 तक के लिए टाल दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि अमेजन एमजीएम को सीजन 2 का अब तक का काम पसंद नहीं आया है। हालांकि, फिल्मांकन पूरा हो चुका है, लेकिन स्टूडियो अगर बदलाव की मांग करता है तो रिलीज में और देरी हो सकती है। अभी तक कोई आधिकारिक तारीख की घोषणा नहीं हुई है। इसके साथ ही, सभी स्पिन-ऑफ प्रोजेक्ट्स पर भी रोक लगा दी गई है। जेनिफर साल्के, जिनके लिए सिटाडेल सबसे बड़ा दांव था, अब कंपनी छोड़ चुकी हैं। साल्के ने ही रूसो ब्रदर्स को इस प्रोजेक्ट के लिए जोड़ा था और इसे जेम्स बॉन्ड की तरह पेश करने की कोशिश की थी।*

### पहले सीजन में दिखी थीं प्रियंका

*सिटाडेल एक अमेरिकी जासूसी सीरीज है, जिसे जोश एपलबॉम, ब्रायन ओह और डेविड वील ने बनाया था। 2021 में रूसो ब्रदर्स के साथ क्रिएटिव मतभेद के चलते एपलबॉम और लेखक आंद्रे नेमेक ने प्रोजेक्ट छोड़ दिया था। पहला सीजन 28 अप्रैल 2023 को रिलीज हुआ था, जिसमें प्रियंका चोपड़ा (नादिया सिंह) और रिचर्ड मैडेन (मेसन केन) जासूस की भूमिका में नजर आए थे।*

# बी.डी. पांडे अस्पताल प्रबंधन की ओर से स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के तल्लीताल में स्थित धोबीघाट क्षेत्र में राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल प्रबंधन की ओर से शुक्रवार को विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया।

शिविर में कूड़ा बीनने वालों व अन्य लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान 67 से ज्यादा लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि तल्लीताल हरिनगर में स्वास्थ्य शिविर लगाकर कूड़ा बीनने वालों तथा बुजुर्ग महिलाओं तथा बच्चों की जांच की गई। बताया कि ज्यादातर लोगों को बीपी व शुगर की समस्या है। डॉक्टरों ने लोगों को स्वस्थ रहने के लिए सही खान पान की जानकारी दी। शिविर में डॉ. नरेंद्र सिंह रावत, डॉ. मोनिका कांडपाल तथा डॉ. आयुषी गुप्ता मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## नवरात्र पर्व पर होगा धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन

**नैनीताल ।** नगर के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर हनुमानगढ़ी में नवरात्र पर्व पर विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत अखण्ड एक नाम कीर्तन (श्री राम जय राम जय जय राम) का आयोजन 30 मार्च (रविवार)को प्रातः 10 बजे से लेकर 5 अप्रैल (शनिवार) प्रातः 10 बजे तक किया जाएगा। इसी क्रम में श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन 5 अप्रैल (शनिवार)प्रात: 10 बजे से 6 अप्रैल (रविवार) अपराह्न दो बजे तक होगा। इसी क्रम में 6 अप्रैल (रविवार) को सुबह 10 बजे से प्रसाद (भंडारा) होगा। इन सब कार्यक्रमों के अलावा 12 अप्रैल (शनिवार) को श्री हनुमान जन्म महोत्सव का आयोजन होगा। इसके तहत सुबह 9 बजे लेकर शाम को 4 बजे तक श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होगा वहीं शाम को चार बजे से फिर सुंदरकांड होगा जबकि इससे पूर्व सुबह 10 बजे से प्रसाद वितरण (भंडारा) होगा। मंदिर ट्रस्ट की ओर से सभी अनुष्ठानों की तैयारियां शुरु कर दी हैं।

## खेत में मिला ट्रेक्टर चालक का शव, तीन दिन पुराना है शव

**रुद्रपुर।** थाना पुलभट्टा क्षेत्र गन्ने के खेत में वृद्ध का मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक के परिजन भी पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र शुस्त्र5वार की शाम को गन्ने के खेत एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव की शिनाख्त बाबू राम पुत्र रूप लाल निवासी- ग्राम बहदुरगंज बहेड़ी, बरेली यूपी हाल शहदौरा के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक किसी फार्म पर काम करते था और ट्रेक्टर चालक था। थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने बताया कि शव तीन दिन पुराना लग रहा है। जिस व्यक्ति के यहां काम करता था,उस व्यक्ति को बुलाया गया है। पुलिस को मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले।

# सरकार ऊपर से लेकर नीचे तक आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी: नेता प्रतिपक्ष

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सूबे के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि उत्तराखण्ड में भ्रष्टाचार अब शिष्टाचार बन गया है। जीरो करप्शन का नारा देने वाली सरकार ऊपर से लेकर नीचे तक आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है।

आर्य ने कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने संसद में अवैध खनन का मुद्दा उठाया जिससे कांग्रेस द्वारा लगाए गए प्रदेश में शासन-प्रशासन की मिली भगत से धडल्ले से हो रहे अवैध खनन के आरोप की पुष्टि होती है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस निरंतर इस बात को उठाती आ रही है कि उत्तराखंड में जीवनदायिनी



नदियां अवैध खनन का शिकार हो रही हैं और भारी भरकम मशीनों से नदी का सीना चीरा जा रहा है। बड़ा सवाल यही है कि शासन प्रशासन क्यों इन खनन माफि याओं के आगे नतमस्तक है?, जब निमयावाली में नदियों में मशीनों से खनन पूरी तरह से प्रतिबंधित है तो फि र प्रदेश में पोकलैंड मशीनों से यह अवैध खनन कैसे चल रहा है?, कौन इनको संरक्षण दे रहा है? आखिर कहां सो रही है जीरो टॉलरेंस का दम भरने वाली सरकार? नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि बागेश्वर जिले के कांडा क्षेत्र में अवैध खडिया खनन के मामले में उत्तराखंड हाईकोर्ट का हस्तक्षेप इस बात को उजागर करता है कि सरकार और प्रशासन किस हद तक भ्रष्टाचार और लापरवाही में डूबे हुए हैं। पर्यावरणीय क्षति तथा घरों में आई दरारों और प्रभावित ग्रामीणों की पीडा के बावजूद सरकार ने आंखें मूंदे रखी हैं। जनता के हितों की रक्षा करने के बजाए अधिकारी कमीशन खाने और अपनी जिम्मेदारियों से बचने में व्यस्त रहे। हाईकोर्ट का खनन पर रोक जारी रखना और 160 खनन पट्टाधारकों को नोटिस जारी करना एक बड़ा कदम है।

आर्य ने कहा कि उत्तराखंड में सरकार ने रिवरबेड माइनिंग (नदी के तल में खनन) करने वालों से रॉयल्टी और दूसरे टैक्स वसूलने और अवैध खनन पर लगाम लगाने का कार्य और शक्तियां निजी हाथों में सौंप दी हैं। खनन रॉयल्टी संग्रह का काम के लिए हैदराबाद स्थित निजी कंपनी पावर मेक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को आउटसोर्स किया गया है। ये कंपनी ने चार बडे जिलों( नैनीताल/ हरिद्वार/ उधम सिंह नगर और देहरादून) में पांच सालों तक रॉयल्टी इकट्ठा करेगी। कंपनी राज्य को इस काम के बदले 303.52 करोड रुपए देगी, बाकी लाभ का सारा पैसा कंपनी के खाते में जायेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया कि उत्तराखंड में अवैध खनन जुर्माना की 1386 करोड़ की वसूली सरकार नहीं कर पाई। इस रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि सरकारी एजेंसियों ने ही अवैध खनन कराया है तथा खनन विभाग, जिला कलेक्टर, पुलिस विभाग, वन विभाग जैसी संस्थाएं अवैध खनन को रोकने और उसका पता लगाने में विफ ल रही हैं। आर्य ने कहा कि सरकार के ही संरक्षण में यदि अवैध खनन पालित-पोषित हो तो माफि याओं को डर किस बात का। उत्तराखंड जैसे प्रदेश के लिए यह बड़ा चिंता का विषय है।

# अधिवक्ता से मारपीट पर हंगामा वकीलों ने चौकी का घेराव किया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

वरिष्ठ अधिवक्ता के यहां प्रैक्टिस कर रहे एक जूनियर अधिवक्ता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना के बाद गुस्साए अधिवक्ताओं ने भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी का घेराव करते हुए आरोपियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिसने मामले में कार्रवाई का भरोसा दिया है जिसके बाद वकीलों का आक्रोश कम हुआ। बताया जा रहा है कि जिस युवती को लेकर मारपीट की गई है वह भी पीड़ित अधिवक्ता के साथ ही प्रैक्टिस करती है।

शनिवार को जजी कोर्ट में एक वरिष्ठ अधिवक्ता के यहां प्रैक्टिस कर रहे जूनियर अधिवक्ता दीपक पंत के साथ उसी के साथ प्रैक्टिस कर रही महिला अधिवक्ता के भाई और उसके साथियों ने मारपीट कर दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जजी कोर्ट के बाहर अधिवक्ता के साथ



मारपीट से अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सैकड़ों अधिवक्ता भोटियापड़ाव चौकी पहुंच गए और मारपीट के आरोपियों के खिलापफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। बताया जा रहा है तीन चार दिन कोर्ट परिसर में किसी बात को लेकर युवती और युवक में किसी बात को लेकर तकरीर हुई थी जिसके बाद युवती ने आरटीओ चौकी में उसके खिलाफ तहरीर दे दी। जिसके बाद दोनों में समझौता होने की बात भी सामने भी आई। शनिवार को महिला अधिवक्ता ने अपने भाई को यह बात बताई जिसके बाद शनिवार को उसका भाई अपने साथियों के साथ कोर्ट परिसर के बाहर एकत्र हो गए और दीपक के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद तमाम अधिक्ता कार्रवाई की मांग को लेकर भोटियपड़ाव चौकी पहुंच गए। वह दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षण भी मौके पर पहुंच गए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया जिसके बाद वकीलों का गुस्सा शांत हुआ। घेराव करने वालों में किशोर पंत सुशील पुंडीर, मोहन बिष्ट, कोमल जायसवाल, दीपक जोशी, प्रदीप आर्या आदि मौजूद रहे।

# नशामुक्त देवभूमि मिशन के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक लेते हुए अधिकारियों को दिये निर्देश

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को साकार करने हेतु जनजागरूकता करते हुए प्रर्वतन की कार्यवाही निरन्तर करने के निर्देश जिलाधिकरी नितिन सिंह भदौरिया ने कैंप कार्यालय में नशामुक्त देवभूमि मिशन के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक लेते संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये।

उन्होंने जनपद के सभी विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों में ऐन्टी ड्रग्स कमेटी सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने ड्रग्स निरीक्षक को मेडिकल की दुकानों का जांच/निरीक्षण करने के निर्देश दिये साथ ही जिन दवाई की दुकानो में सीसीटीवी कैमरे नही लगाये पाये जाते है अथवा संचालित नही पाये जाते है, उन मेडिकल स्टोरो का लाईसेंस निरस्त करते हुए सीज करने के निर्देश भी दिये। उन्होने कहा जो मेडिकल की दुकाने बिना लाईसेंस के अवैध संचालित हो रहे हो या बिना चिकित्सक के परामर्श के किसी को दवा देते है और प्रतिबन्धित दवाईयों को बेचने में लिप्त हो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये। डीएम ने कहा कि जनपद के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को नशे से होने वाल दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि बच्चों को छात्र जीवन से ही नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करें ताकि वे नशे से दूर रहें, इसके लिए शिक्षा विभाग आवश्यक योजना बना कर कार्य करें। ड्रग्स इस्पेक्टर ने बताया कि जनपद में विगत एक माह में संयुक्त टीम ने 43 मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की गई। जिसमे अनियमितता मिलने पर 13 मेडिकल स्टोर के लाईसेंस निलम्बित,2 मेडिकल स्टोर के लाईसेंस निरस्त व 1 मेडिकल स्टोर सील किया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों में 184 एन्टी ड्रग्स कमेटी का गठन कर लिया गया है। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार,सीईओ केएस रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, वरिष्ठ ड्रग्स निरीक्षक नीरज कुमार आदि मौजूद थे व वर्चुअल के माध्यम से पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जुड़े थे।

# ऑपरेशन मुक्तिः भिक्षा नहीं, शिक्षा दें

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**अभियान**

- **एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के नेतृत्व में ऑपरेशन मुक्ति टीम एक का जनपद स्तर पर बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध लगातार अभियान जारी**

अपर महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था के आदेशानुसार प्रदेश भर में चलाए जा रहे एक महीने के ऑपरेशन मुक्ति अभियान भिक्षा नहीं शिक्षा दे के सफल के लिए एसएसपी के दिशा - निर्देशन में सीओ / नोडल अधिकारी ऑपरेशन मुक्ति अभियान व प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्या के नेतृत्व में जनपद स्तर पर ऑपरेशन मुक्ति अभियान भिक्षा नहीं शिक्षा दे अभियान के द्वितीय चरण में जनपद की ऑपरेशन मुक्ति टीम किच्छा क्षेत्र वार्ड 6 में पहुंच कूड़ा बीनना, ठेली लगाकर गुजर करने वाले परिवार को एकत्र कर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को विस्तार पूर्वक जागरूक किया।

प्रभारी टीम ने लोगों को बच्चों को स्कूल भेज कर पढ़-लिख कर बेहतर बनाने पर जोर दिय। कहा कि शिक्षा उनका अधिकार है जो अभिभावक असमर्थ है,वह इस अभियान से सहायता लेकर ऑपरेशन मुक्ति के तहत अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला करा सकते है। वहां मौजूद अधिकतर लोगों ने बताया कि वह गरीब है।

बच्चों को स्कूल में दाखिला करा दे तो बड़ी मेहरबानी होगी। बच्चों का सत्यापन किया गया है उन बच्चों का स्कूल में दाखिला नव शैक्षणिक सत्र में किया जाएगा। ऑपरेशन मुक्ति टीम एक में एएसआई नवीन जोशी,सुरेश गिरी, ममता मेहरा, प्रियंका कोरंगा आदि शामिल रहे।



# छठे दिन भी जारी रहा रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण

**नैनीताल ।** सीएम बीएडीपी योजना के तहत कुमाऊँ मंडल विकास निगम द्वारा संचालित विकासखंड कनालीछीना के छात्र/छात्राओं का रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण शुक्रवार को छठे दिन भी जारी रहा।

कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी ने कहा कि छात्र/छात्राओं ने प्रात: योग, प्राणायाम, प्रार्थना तथा राष्ट्रगान के साथ ही हिमालय बचाओ शपथ लेने के बाद पौधारोपण किया।

# वनाग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

प्राणी उद्यान के निदेशक/ प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग चंद्रशेखर जोशी के दिशा- निर्देशन में शुक्रवार को प्राणी उद्यान के सभागार में वनाग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बता दें कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टी.आर. बीजूलाल (वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त उत्तराखण्ड नैनीताल) रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों, डीएसबी कैम्पस एवं 05 नेवल सब यूनिट एनसीसी कैडेटों समेत कुल 250 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वन संरक्षक टी.आर. बीजूलाल द्वारा विद्यार्थियों को बताया कि वनाग्नि की घटनाओं के कारण इस दुनिया में लगभग 150 प्रजातियां खत्म हो रही हैं जबकि कई प्रजातियां को हम खो चुके हैं और कई प्रजातियां खत्म होने की कगार में हैं। कहा कि वनाग्नि के कारण ही मानव वन्यजीव संघर्ष घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। उनके द्वारा वनाग्नि नियंत्रण एवं रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। इस दौरान वन संरक्षक टीआर बीजू लाल द्वारा विद्यार्थियों के वनाग्नि से सम्बन्धित प्रश्नों का विस्तार पूर्वक उत्तर दिया गया। इस अवसर पर सुश्री स्वाति (उप निदेशक प्राणी उद्यान), आनन्द लाल (वन क्षेत्राधिकारी नैनीताल प्राणी उद्यान), महेश सिंह बोरा (वन दरोगा),नितिन मुकेश (वन आरक्षी), आनन्द सिंह (सिस्टम एनालिस्ट) तथा विक्रम सिंह मेहरा (फ र्मासिस्ट) एवं प्राणी उद्यान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में वन क्षेत्राधिकारी आनंद लाल ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 रजनी रावत (बोटनिस्ट हिमालयन बोटैनिकल गार्डन) ने किया।

# ग्राम बानना में पशु प्रदर्शनी आयोजित की गई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल ब्लाक के ग्राम बानना में पशुपालन विभाग के द्वारा शुक्रवार को पशु प्रदर्शनी आयोजित की गई। पशु प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि प्रशासक ब्लॉक प्रमुख भीमताल डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने उत्कृष्ट पशुपालकों को पुरस्कृत किया।

प्रमुख डा.बिष्ट ने कहा आज लोग अपना व्यवसाय छोड़ रहे हैं, पूर्वजों की कहावत उत्तम खेती मध्यम बाण निषद्ध चाकरी भीख निदान जो कि बुजुर्गों की कहावत है पहले कृषि और पशुपालन को सबसे पहले नंबर पर रखा गया और व्यापार को दूसरे नंबर पर सबसे अंतिम पर नौकरी रखा गया था लेकिन बदलते परिवेश में लोग सरकारी नौकरी की तरफ तेजी से भाग रहे हैं। कहा कि अपना पुराना व्यवसाय छोड़ रहे हैं। कहा कि किस प्रकार से हम



ग्रामीणों को पशुपालन श्वेत क्रांति से जोड़ सके इस पर निरंतर कार्य किया जा रहा है साथ ही ग्रामीणों को बेहतर नस्ल के पशु उपलब्ध कराए जा रहे है। पहाड़ में से श्वेत क्रांति पशुपालन से आने को ग्रामीणों की आर्थिक मजबूत हुई है। कहा कि राज्य सरकार द्वारा अनेकों माध्यम से पशुपालकों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रदर्शनी में इस आयोजन में बद्री गाय तथा दुधारु गाय, उन्नत नस्ल बछिया तथा बैल, भैंस तथा उन्नत नस्ल के पशुओं साथ विभिन्न वर्ग के लिए प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत बानना पिनरों आसपास के 40 पशुपालक से अधिक ने भाग लिया। प्रदर्शनी में बद्री गाय में (प्रथम चंद्रशेखर), (द्वितीय कंचन देवी) तथा (तृतीय स्थान पर दुर्गा देवी रही। शंकर गाय प्रथम हसीं देवी, द्वितीय आनन्द बल्लभ तथा तृतीय पद्मा देवी रही जबकि भैस में प्रथम लक्ष्मी देवी, द्वितीय बसंती देवी तथा तृतीय नंदाबलभ रहे। बेलों की जोड़ी में प्रथम रामचंद्र, द्वितीय कांतिबल्लभ तथा तृतीय राधिका देवी को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशासक कमलेश आर्य ने की जबकि संचालन डॉ. दीक्षित वासने ने किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र शर्मा, महेश भंडारी, उमेश पलडिया,लक्ष्मी दत्त, ईश्वरी दत्त पलडिया,चंद्र प्रकाश, केशव दत्त, कुंदन जीना, पद्मा देवी, आनंद बल्लभ, हंसी देवी, लक्ष्मी देवी, कृष्णा पलडिया, तारा दत्त, कमल कुल्याल समेत वरिष्ठ पशु अधिकारी डॉ. दीक्षित व वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी हेमा राठौर ए डॉ. स्वाति घोष, डॉ. पवन मेलकानी, रवि वर्मा तथा राजीव सहित ग्रामीण विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।